# NUJ News Clippings

## Contents


| Sr. No | Date | Name of News Paper | News Related to | Page No |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01-09-2024 | सच बेधड़क | खेलों को शैक्षणिक कार्यक्रम का हिस्सा बनाने का संकल्प | 1 |
| 2 | 03-09-2024 | सच बेधड़क | प्रवेश प्रारम्भ विज्ञापन | 2 |
| 3 | 03-09-2024 | सच बेधड़क | निर्वाण विवि में स्टूडेंट्स से रुबरु होंगे "कहां शुरु, कहां खत्म" के सितारे | 3 |
| 4 | 04-09-2024 | राजस्थान पत्रिका | विवि. ने 5 गांवो को लिया गोद निर्वाण विवि. के कुलपति बने गोदारा | 4 |
| 5 | 04-09-2024 | दैनिक भास्कर | निर्वाण विवि प्रो. गोदारा ने वीसी का पदभार संभाला | 5 |
| 6 | 05-09-2024 | सच बेधड़क | निर्वाण विवि. में रिसर्च मेथोडोलॉजी पर नेशनल वेबिनार | 6 |
| 7 | 06-09-2024 | सच बेधड़क | आशीम और ध्वनि भानुशाली की प्रस्तुति ने जीता दिल | 7 |
| 8 | 09-09-2024 | राजस्थान पत्रिका | झर में 68वीं जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरु दिखाया दमखम | 8 |
| 9 | 11-09-2024 | सच बेधड़क | निर्वाण विवि पब्लिकेशन्स की बुक लॉन्च की | 9 |
| 10 | 12-09-2024 | सच बेधड़क | निर्वाण विवि. के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन ने किया पुस्तकों का विमोचन | 10 |
| 11 | 12-09-2024 | दैनिक भास्कर | सेंट जेवियर बनी 17 वर्ष आयु वर्ग मे चैंपियन | 11 |
| 12 | 17-09-2024 | राजस्थान पत्रिका | प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान | 12 |
| 13 | 17-09-2024 | सच बेधड़क | ओजोन परत के संरक्षण के लिए किया जागरुक | 13 |
| 14 | 25-09-2024 | दैनिक भास्कर | राजस्थान का प्रगतिशील विवि. " निर्वाण विवि. जयपुर | 14 |
| 15 | 29-09-2024 | राजस्थान पत्रिका | निर्वाण विवि. में आयोजन विश्व फार्मेसी दिवस पर दिखा उत्साह | 15 |

01 September, 2024

सच बेधड़क

## निर्वाण यूनिवर्सिटी में खेल सप्ताह का आयोजन

# खेलों को शैक्षणिक कार्यक्रम का हिस्सा बनाने का संकल्प

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान युवा बोर्ड (युवा मामले एवं खेल विभाग) एवं उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए जा रहे खेल सप्ताह के तहत निर्वाण यूनिवर्सिटी में खेल दिवस मनाया गया। यूनिवर्सिटी में इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देना है, बल्कि युवाओं में खेल भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना भी है। इस अवसर पर निर्वाण युनिवर्सिटी के खेल परिसर में फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, बैडमिंटन, टग ऑफ वॉर (रस्साकशी) और टेबल टेनिस जैसी प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया।



### खेलों को बढ़ावा देना जरूरी

वाइस चेयरमेन डॉ. आर. के अरोड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन का उद्देश्य नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत खेलों को बढ़ावा देना और शिक्षा के साथ शारीरिक स्वास्थ्य के संतुलन को स्थापित करना है। निर्वाण युनिवर्सिटी ने इस पहल को प्राथमिकता देते हुए खेलों को अपने शैक्षणिक कार्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही प्रो. एनडी जसूजा ने जानकारी दी कि खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विशेष सम्मान समारोह में पुरस्कृत भी किया गया। विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी, और प्रमाण पत्र देकर उनकी प्रतिभा की सराहना की।

### मैराथन में दौड़े विद्यार्थी और फैकल्टी मेंबर्स

साथ ही युनिवर्सिटी ने मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों और फैकल्टी मेम्बर्स ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ एस. एल. सिहाग ने कहा कि हमारे विद्यार्थी न केवल अकादमिक, बल्कि खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है।





# ADMISSION OPEN 2024-25

## School of Pharmaceutical Sciences

| | |
|---|---|
| B.Pharm | D.Pharm |

## School of Allied Health Sciences

### Paramedical Courses

| | |
|---|---|
| DRT | DMLT |
| DOTT | DECGT |
| DOPT | |
| BRT | BMLT |
| BOTT | |

### Physiotherapy Courses

| | |
|---|---|
| BPT | MPT |

**More Information: +91 9289800300**

MAIN CAMPUS : Nirwan University Jaipur, Near Bassi- Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur- 303305,
CITY OFFICE : 21, Sahkar Marg, 1st Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur – 302019 Rajasthan,
Call : +91 141- 2228000 | Email : info@nirwanuniversity.ac.in | Website : www.nirwanuniversity.ac.in

03 September, 2024

सच बेधड़क

## निर्वाण विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम

# स्टूडेंट्स से रूबरू होंगे 'कहां शुरू, कहां खत्म' के सितारे



बेधड़क | जयपुर

राजधानी के निर्वाण विश्वविद्यालय में नए सत्र की शुरुआत के साथ ही एक विशेष ओरिएंटेशन प्रोग्राम होने जा रहा है। इस दौरान बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कहां शुरू, कहां खत्म' के प्रमुख सितारे ध्वनि भानुशाली और आशीम गुलाटी विवि में आएंगे।

बता दें कि यह ध्वनि भानुशाली की बॉलीवुड में पहली फिल्म है, जिसमें वे अपने संगीत जगत की सफलता के बाद अभिनय के क्षेत्र में कदम रख रही हैं। उनके साथ अभिनेता आशीम गुलाटी भी उपस्थित रहेंगे, जो अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग और वाइस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा करेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय में 4 से 11 सितंबर के बीच ओरिएंटेशन वीक का आयोजन भी होगा। इस सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। फिल्म 'कहां शुरू, कहां खत्म' के सितारों की उपस्थिति न केवल विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव होगा, बल्कि उन्हें मनोरंजन और सृजनात्मकता के नए आयाम देखने को मिलेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की संस्कृति, शैक्षणिक माहौल और को-करिकुलम गतिविधियों से परिचित कराना है, व विद्यार्थियों के बीच उत्साह और प्रेरणा का संचार करना है।

04 September, 2024

राजस्थान पत्रिका

p •विवि ने 5 गांवों को लिया गोद

# निर्वाण विश्वविद्यालय के कुलपति बने गोदारा



जयपुर@पत्रिका प्लस. निर्वाण विश्वविद्यालय में प्रो. एस.एल. गोदारा ने नए कुलपति के रूप में पदभार संभाला। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ.एस.एल. सिहाग ने कहा कि प्रो. गोदारा के नेतृत्व से विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक और शोध क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमैन डॉ. आर.के. अरोड़ा ने कहा कि निर्वाण विश्वविद्यालय ने नर्सिंग, डेंटल, कानून, कृषि, मानविकी, वाणिज्य, प्रबंधन, बेसिक एंड अप्लाइड साइंसेस, पैरामेडिकल और फार्मेसी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। विश्वविद्यालय ने 5 गांवों को भी गोद लिया है, जहां एनएसएस स्वयंसेवक ग्रामीणों के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गोदारा ने स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर में 33 वर्षों तक कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने कृषि अनुसंधान में नई तकनिकों को विकसित किया।

04 September, 2024

दैनिक भास्कर

# निर्वाण विवि; प्रो. गोदारा ने वीसी का पदभार संभाला



**जयपुर**| निर्वाण विश्वविद्यालय में प्रो. एसएल गोदारा ने नए कुलपति का पदभार ग्रहण किया। प्रो. गोदारा, पौध व्याधि विज्ञान विभाग के क्षेत्र में सम्मानित विद्वान हैं, जिन्होंने स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर में 33 वर्षों तक कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं।

05 September, 2024

सच बेधड़क

## निर्वाण विवि में रिसर्च मेथोडोलॉजी पर नेशनल वेबिनार

# शोध पद्धतियों के विभिन्न पहलुओं-चुनौतियों पर चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के सेंट्रल लाइब्रेरी "ज्ञान धारा" और स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में बीते सोमवार को "रिसर्च मेथोडोलॉजी" विषय पर एक महत्वपूर्ण नेशनल वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में अग्रसेन स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय, केशव विद्यापीठ, जामडोली, जयपुर की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रीता शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने शोध पद्धतियों के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की और शोध के दौरान आने वाली चुनौतियों से संबन्धित व्यावहारिक सुझाव दिए।

प्रो. शर्मा ने बताया कि एक सफल शोध के लिए विधिपूर्वक अनुसंधान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे न केवल शोधार्थियों को बल्कि पूरे समाज को लाभ मिलता है। उनके अनुभव और विशेषज्ञता ने वेबिनार को अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बना दिया, जिससे प्रतिभागियों को शोध के विभिन्न आयामों को समझने में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त हुई। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग ने वेबिनार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शोध पद्धतियां किसी भी अनुसंधान की नींव होती हैं। यह वेबिनार हमारे शोधार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसके माध्यम से उन्होंने शोध की गहराईयों को समझा और इसे अपने कार्यों में लागू करने की दिशा में कदम उठाया।



### शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए वेबिनार रही विशेष रूप से उपयोगी

वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, इस प्रकार के वेबिनार न केवल शोधार्थियों के लिए बल्कि शिक्षकों के लिए भी अत्यंत उपयोगी होते हैं। यह उन्हें शोध के प्रति उत्साहित करते हैं और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करने में सहायक होते हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विश्वविद्यालय शोध के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वेबिनार का आयोजन स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज की डीन प्रो. डॉ. प्रीति शर्मा और सेंट्रल लाइब्रेरी की प्रमुख डॉ. रीना आनंद द्वारा किया गया। वेबिनार में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शोधार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई, जिससे यह आयोजन अत्यधिक सफल रहा।

### प्रतिभागियों के प्रश्न-उत्तर सत्र का चला सिलसिला

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डॉ. एन. डी. जसूजा ने वेबिनार की सफलता के लिए आयोजन समिति को बधाई दी और भविष्य में इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों को निरंतरता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम शोधार्थियों और शिक्षकों को नए विचारों और दृष्टिकोणों से अवगत कराते हैं, जो शोध कार्यों को और अधिक समृद्ध बनाते हैं।" इस वेबिनार का समापन प्रतिभागियों के प्रश्न-उत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने अपने शोध से संबंधित सवाल पूछे और प्रो. (डॉ.) रीता शर्मा ने उन सवालों का विस्तृत उत्तर दिया। इस आयोजन ने निर्वाण विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और शोधात्मक प्रयासों को एक नई दिशा दी और इस बात को स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम | निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में फिल्मी कलाकारों की प्रस्तुति

# आशीम और ध्वनि भानुशाली की प्रस्तुति ने जीता दिल

बेधड़क | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा और कुलपति प्रो एस एल गोदारा द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। इसके बाद बहुप्रतीक्षित फिल्म "कहाँ शुरू कहाँ खत्म" के प्रमुख कलाकार ध्वनि भानुशाली और आशीम गुलाटी ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों का भारी उत्साह नजर आया। इससे आयोजन स्थल पर उत्सव का माहौल बन गया। ध्वनि भानुशाली ने अपने प्रसिद्ध गानों की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके लाइव संगीत प्रदर्शन ने परिसर में एक उत्सव का माहौल बना दिया। आशीम गुलाटी ने अपनी नृत्य कला के माध्यम से भी दर्शकों का दिल जीता और अपनी भावपूर्ण परफॉर्मेंस से सभी को प्रभावित किया।



## विद्यार्थियों से किया संवाद

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान, ध्वनि और आशीम ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया, उनकी प्रश्नों के उत्तर दिए और फिल्म की शूटिंग के अनुभव साझा किए। इस इंटरैक्टिव सत्र ने छात्रों को फिल्म उद्योग और कला के प्रति एक नई प्रेरणा दी।

## सांस्कृतिक गतिविधियों से बना माहौल

कार्यक्रम के समापन पर वाइस चेयरमैन डॉ आर के अरोड़ा और कुलपति प्रो एसएल गोदारा ने कलाकारों को मोमेंटों से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि प्रेरणा भी प्रदान की, जिससे उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के महत्व को समझा। फिल्म के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने विश्वविद्यालय के परिसर में एक जीवंत और प्रेरणादायक माहौल उत्पन्न किया।

## सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

कार्यक्रम में अभिनेताओं के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश और निकासी के सभी मार्गों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की। सभी आगंतुकों और प्रतिभागियों की पहचान और बैग की जांच की गई। परिसर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की गई और आपातकालीन परिस्थितियों के लिए चिकित्सा दल भी तैनात रहा।

**09 September, 2024**

राजस्थान पत्रिका

## टूर्नामेंट में 33 टीमें ले रही भाग

# झर में 68वीं जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू, दिखाया दमखम

पत्रिका स्पोर्ट्स कॉर्नर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**बांसखोह.** प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का परिचय लेते विधायक एवं अन्य अतिथि।



**हरिपुरा.** विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित करते हुए।

**बांसखोह.** ग्राम पंचायत झर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के तत्वावधान में आयोजित 68वीं जिला स्तरीय (छात्रा) फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण मीना ने कहा कि खेल के माध्यम से हम अपना करियर चुन सकते हैं। खेल से खिलाड़ी के व्यक्तित्व का विकास होता है।

कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 11 खिलाड़ियों को नि:शुल्क पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

सरपंच ममता मीना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों को बेहतर खेल देखने को मिलेगा। ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बस्सी लल्लू लाल मीना ने बताया कि प्रतियोगिता में 17 एवं 19 आयु वर्ग में 33 टीमें भाग ले रही हैं। 17 आयु वर्ग में 18 टीमें एवं 19 आयु वर्ग में 15 टीमों में 495 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। 11 सितंबर को प्रतियोगिता का समापन होगा।

कार्यक्रम के दौरान मोहनपुरा सरपंच कल्याणसहाय मीना, एसएल गोदारा, आदिवासी कर्मचारी समिति अध्यक्ष रामगोपाल मीना, आदिवासी कांग्रेस बस्सी अध्यक्ष मोहन मीना, झर उपसरपंच हजारीलाल मीना, रामनाथ मीना, झर स्कूल प्रधानाचार्य श्रीराम मीना, कैलाशचंद शर्मा, रामकंवार मीना आदि मौजूद रहे। शारीरिक शिक्षक श्यामसुंदर मीना ने बताया कि रविवार को आयोजित प्रतियोगिता में 17 आयु वर्ग में पांच मैच हुए। जिसमें शारदा चिल्ड्रन स्कूल धानकिया, जीएसएसएस दौलतपुरा, कुथाड़ा खुर्द, सेंट जेवियर नेवटा, गुरुकुल एकेडमी देवगांव कुछ टीमें विजेता रहीं। वहीं अंडर 19 आयु वर्ग में 3 मैचों में एमजीजीएस बूज, जेपीजीएस जगतपुरा, एमजीजीएस चन्दलाई की टीमें विजेता रहीं।

## खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**हरिपुरा.** बापूगांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में लगभग 20 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रतिभा और मजबूत इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर रिले (लड़कों की), फुटबॉल (लड़के), थ्रोबॉल (लड़कियां), कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स में शामिल दौड़ और कूद प्रतियोगिताएं (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर, लंबी कूद) आयोजित की गई। इन खेलों के विजेता अब जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाएंगे। विजेताओं को मेडल, स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बापूगांव सरपंच पूरा देवी, संस्था प्रधान मीनाक्षी अरोड़ा, ग्राम पंचायत राडोली सरपंच रमेश मीणा, प्रहलाद गुर्जर, जयनारायण गुर्जर, शिक्षक कृष्णा सिंघल सहित कई लोगों ने भाग लिया।

**11 September, 2024**

**सच बेधड़क**

**विमोचन** | **डॉ. रुचि गर्ग ने अपनी किताब में जीएसटी के विभिन्न क्षेत्रों का किया विश्लेषण**

# निर्वाण युनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की बुक लॉन्च की

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण युनिवर्सिटी जयपुर में निर्वाण युनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की पुस्तक "भारतीय अर्थव्यवस्था पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का प्रभाव" का विमोचन युनिवर्सिटी के चैयरमेन डॉ. एस. एल. सिहाग और वाइस चैयरमेन डॉ.आर.के. अरोड़ा द्वारा किया गया।

निर्वाण युनिवर्सिटी की प्रतिष्ठित डॉ. रुचि गर्ग ने "भारतीय अर्थव्यवस्था पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का प्रभाव" शीर्षक से एक महत्वपूर्ण पुस्तक प्रकाशित की है। यह पुस्तक जीएसटी के विभिन्न क्षेत्रों पर प्रभावों का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है और यह छात्रों, शोधार्थियों, नीतिगत निर्माताओं, और व्यावसायिक जगत के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में कार्य करेगी है।



## शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण

इस पुस्तक से यह जानने को मिलेगा कि जीएसटी का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा है। निर्वाण युनिवर्सिटी के चैयरमेन डॉ. एस. एल. सिहाग और वाइस चेयरमेन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने कहा कि डॉ. गर्ग की यह पुस्तक युनिवर्सिटी की शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है और यह पुस्तक अर्थव्यवस्था को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

12 September, 2024

सच बेधड़क

## निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन ने किया पुस्तकों का विमोचन

# जीवन विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा और मशरूम की खेती पर लिखी गई तीन पुस्तकें



बेधड़क | जयपुर

विज्ञान और शोध के क्षेत्र में तीन प्रतिष्ठित लेखकों की महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग और वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने किया। ये अपने-अपने क्षेत्रों में शोधकर्ताओं और पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। डॉ केसी सैनी की नवीनतम पुस्तक "रिसेंट रिसर्च इन लाइफ साइंसेज" का विमोचन हुआ। यह पुस्तक जीवन विज्ञान के क्षेत्र में हो रही नवीनतम प्रगति और अनुसंधान का एक गहन और व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। डॉ. पीयूष कुमार कमलेश की पुस्तक "सस्टेनेबल फ्यूचरः एक्सप्लोरिंग रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशंस" नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे प्रमुख नवाचारों और अंतर्दृष्टियों को समेटे हुए है, जिसका उद्देश्य अधिक सतत और पर्यावरण के अनुकूल भविष्य का निर्माण करना है। रुचि कुमारी की पुस्तक "द इंडियन मशरूमः इट्स कल्टीवेशन, न्यूट्रिशनल वैल्यू, एंड मेडिसिनल इफेक्ट्स" का विमोचन किया गया। यह पुस्तक मशरूम की खेती के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा करती है। ये तीनों पुस्तकें विज्ञान और शोध के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी गहरी अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक मार्गदर्शन के माध्यम से नए आयाम स्थापित करेंगी। इस अवसर पर डॉ. आर. के. अरोड़ा ने जानकारी दी कि ये पुस्तकें वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, और छात्रों के लिए अत्यधिक लाभदायक साबित होगी, क्योंकि यह उन्हें आधुनिक शोध की गहरी समझ प्रदान करती है और भविष्य में होने वाले संभावित परिवर्तनों पर विचार-विमर्श करती है।

12 September, 2024

दैनिक भास्कर

बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा में चल रही 68 वीं जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# सेंट जेवियर बनी 17 वर्ष आयु वर्ग मे चैंपियन

कार्यालय संवाददाता | शाहपुरा

शहर की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा में चल रही 68 वीं जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। प्रधानाचार्य पवन कुमार जाट ने बताया की 8 सितंबर से चल रही 17 व 19 वर्ष की छात्र जिला स्तरीय प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गेंदालाल रैगर थे। चयन समिति संयोजक रामराज चौधरी ने बताया कि 17 वर्ष फाइनल मैच सेंट जेवियर और जयश्री पेड़ीवाल के बीच में हुआ। जिसमें सेंट जेवियर ने जय श्री पेडीवाल को 2-0 से हराकर विजेता बना। शारीरिक शिक्षिका बिदाम चौधरी ने बताया कि 19 वर्ष का फाइनल मैच भी जय श्री पेड़ीवाल और सेंट जेवियर के बीच में खेला गया जिसमें जय श्री पैडवाल में सेंट जेवियर को 1-0 से हराकर फाइनल मैच जीता। व्याख्याता सुरेंद्र रोलानिया ने बताया की समापन समारोह में मंच संचालन जुगल किशोर शर्मा ने किया। इस मौके पर देव एन स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद शर्मा, प्रधानाचार्य राजेश जीजवाड़िया,प्रधानाचा र्य लालचंद बेनीवाल भी बतौर अतिथि कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक गिरधर लाल यादव, मुकेश कुमावत, साधुराम गुर्जर, शंकर स्वामी, विष्णु कुमार, सुरेश ढबास, गोपाल कल्वानिया, कमलेश ढबास, हीरालाल जोगी आदि मौजूद रहे।

# फुटबॉल में 17 वर्ष में नेवटा और 19 वर्ष आयु वर्ग में बूज रहे विजेता

भास्कर न्यूज | बस्सी

झर गांव में आयोजित 68वीं जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता (बालिका) के फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को फाइनल मुकाबले में 17 वर्ष आयु वर्ग में सेंट जेवियर स्कूल नेवटा की बालिकाओं ने राउमावि कूंथाडा खुर्द को हराया। 19 वर्ष आयु वर्ग में राउमावि बूज विजेता रही। इस टीम ने जय श्री पेरीवाल स्कूल की बालिकाओं को हराया। समापन समारोह को मुख्य अतिथि भाजपा नेता व पूर्व आइएएस चंद्रमोहन मीना ने ओलिंपिक मेडल लाने वाली मनु भाकर और अवनी लेखरा का उदाहरण देते हुए कहा कि इस आयोजन में भाग लेने वाली बालिकाएं भी इस मुकाम पर जाने के लिए अपनी खेल क्षमताओं को बढ़ाएंगी।

विशिष्ट अतिथि तूंगा प्रधान कृष्णावतार मीना रहे। सरपंच ममता मीना ने अपने संबोधन में इस चार दिवसीय आयोजन का ब्योरा दिया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लल्लू लाल मीना ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने खेल के लिए मैदान उपलब्ध कराने और बालिकाओं के ठहराव सहित दूसरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशिष्ट



अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित निर्वाण यूनिवर्सिटी के चांसलर एस.एल.सिहाग और वाइस चांसलर आर.के.अरोड़ा का आभार व्यक्त किया। इस टूर्नामेंट के समारोह में विजेता व उपविजेता टीमों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में सहयोग देने वाले भामाशाहों और शारीरिक शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। मोहन धोलकी ने आभार व्यक्त किया।

17 September, 2024

राजस्थान पत्रिका

# प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान




जयपुर @ पत्रिका प्लस. विश्व ओजोन दिवस पर निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर के बेसिक एंड एप्लाइड सांइसेज डिपार्टमेंट की ओर से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्टूडेंट्स में ओजोन परत की सुरक्षा के महत्व के लिए वैश्विक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के प्रति जागरूकता फैलाना था। विजेताओं को सम्मानित किया गया।

17 September, 2024

सच बेधड़क

कार्यक्रम | निर्वाण विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया

# ओजोन परत के संरक्षण के लिए किया जागरूक

बेधड़क | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज विभाग की ओर से ओजोन परत संरक्षण अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ओज़ोन परत की सुरक्षा के महत्व के लिए वैश्विक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और ओज़ोन परत से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों और वैज्ञानिक जानकारियों पर गहन समझ विकसित की। इस आयोजन ने न केवल पर्यावरणीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक जिम्मेदारी को भी प्रोत्साहित किया। निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज विभाग की विशेष सराहना की और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है।




## पर्यावरण के प्रति बने संवेदनशील

वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने विभाग की इस पहल को सराहा और विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा दी। कुलपति प्रो. एस. एल. गोदारा ने अपने संबोधन में कहा कि ओज़ोन परत संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जागरूकता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ओज़ोन परत के संरक्षण को लेकर वैश्विक स्तर पर हो रहे प्रयासों का हिस्सा बनना आवश्यक है और इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को उन प्रयासों की गहरी समझ विकसित करने का अवसर मिलता है। प्रो. गोदारा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे न केवल अपनी व्यक्तिगत उन्नति पर ध्यान दें, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में भी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने इस आयोजन के लिए बेसिक और एप्लाइड साइंसेज विभाग की प्रशंसा की और इसे एक सराहनीय पहल बताया।

## विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार किए प्रदान

बेसिक और एप्लाइड साइंसेज की डीन प्रो. प्रीति शर्मा ने कहा कि इस क्विज़ प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को ओज़ोन परत और पर्यावरण संरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जो उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ उन्हें वैश्विक पर्यावरणीय समस्याओं से अवगत कराते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

25 September, 2024

दैनिक भास्कर


एजुकेशन अपडेट

# राजस्थान का प्रगतिशील विश्वविद्यालय "निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर"

## डॉ. एस.एल. सिहाग व मंजीत सिंह के कुशल नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के विकास और भविष्य निर्माण का प्रगतिशील संस्थान

**दैनिक भास्कर ने मुलाकात की निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर के चेयरमैन डॉ. एस.एल. सिहाग से और जाना यूनिवर्सिटी के अब तक के सफर और फ्यूचर गोल्स के बारे में।**

दैनिक भास्कर EDUCATION EXCELLENCE AWARDS-2024



डॉ एस. एल. सिहाग

आज जयपुर, देश में हायर एजुकेशन के लिए स्टूडेंट्स का ड्रीम डेस्टिनेशन बन गया है। जयपुर में आज कई यूनिवर्सिटीज़ है जो स्टूडेंट्स को वर्ल्ड क्लास एजुकेशन प्रदान कर रही है। निर्वाण यूनिवर्सिटी की गिनती भी राजस्थान की टॉप रैंकिंग यूनिवर्सिटीज़ में होती है जो अपने फाउंडर एस एल सिहाग की लीडरशिप में स्टूडेंट्स को वेल्यू बेस्ड, जॉब ओरिएंटेड शिक्षा प्रदान कर रही है।

### राजस्थान में वेल्यू बेस्ड एजुकेशन प्रदान करने का उद्देश्य - निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर

निर्वाण एजुकेशन ट्रस्ट के गठन का उद्देश्य ही राजस्थान के ग्रामीण परिवेश के छात्रों को वेल्यू बेस्ड जॉब ओरिएंटेड शिक्षा प्रदान करना रहा है। विगत 25 वर्षों से ग्रुप नर्सिंग, डेंटल, फार्मेसी, स्कूल एजुकेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। सन् 2017 में निर्वाण यूनिवर्सिटी की स्थापना की गयी, सन् 2020 में यूनिवर्सिटी ने अपना अकैडमिक सेशन शुरू किया, अल्प समय में ही यूनिवर्सिटी अपने इंटरनेशनल लेवल के अकैडमिक इंफ्रस्ट्रॅक्चर,जॉब ओरिएंटेड वेल्यू बेस्ड लर्निंग,उत्कृष्ट फेकल्टी टीम एवं प्लेसमेंट के बल पर राजस्थान की प्रमुख यूनिवर्सिटीज़ की लीग में शामिल हो गयी है।

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर की स्थापना 2017 में राजस्थान सरकार के अधिनियम संख्या 2 के तहत की गई हैं। विश्वविद्यालय जयपुर आगरा हाइवे की अरावली पर्वत श्रंखला के बीच बसा शिक्षा का एक ऐसा मंदिर हैं, जहां बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं दी जाती हैं, बल्कि उनमें रखी जाती हैं संस्कारों की नींव। लश ग्रीन कैम्पस, हाईली इनोवेटीव विजन और शिक्षा के साथ निर्वाण विश्वविद्यालय हायर एजुकेशन और रिसर्च में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

विश्वविद्यालय में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और हाई टेक लेब्स के साथ अलग-अलग स्कूल्स हैं, जिनमें हाईली एजुकेटेड, एक्सपीरियंस, वेल क्वालिफाईड फैकल्टी मौजूद हैं। यहां स्टूडेंट्स को मिलता हैं हाई टेक स्पोर्ट्स फ़ेसिलिटी के साथ क्रिकेट ग्राउंड, स्विमिंग पूल। बदलते समय को देखते हुए विश्वविद्यालय इंटरनेशनल एमओयू स्थापित कर रहा हैं, नेशनल और इंटरनेशनल वर्कशॉप्स, कॉन्फ्रेन्स से विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रही हैं। घर से दूर रह रहें स्टूडेंट्स के लिए हॉस्टल में हाईली फ़र्निश्ड रूम्स और घर जैसा शुद्ध खाना दिया जाता हैं। निर्वाण विश्वविद्यालय शिक्षा देने के इनोवेटिव विजन के साथ उत्तर भारत में स्टूडेंटस की पहली पसंद बनता जा रहा हैं।

**निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर की महत्वपूर्ण उपलब्धियां**

'निर्वाण चैरिटेबल ट्रस्ट' द्वारा राजस्थान में प्रथम निजी नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की गई, जहां से अब तक हजारों से भी अधिक विद्यार्थियों ने ग्रेजुएशन की और अपना नाम मेडिकल फील्ड में कर रहे हैं।

**एक्रीडिटेशन एंड अप्रूवलः**

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर को यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी, डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर, जीओआर, इंडियन नर्सिंग काउंसिल, दि बार काउंसिल ऑफ इंडिया, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, राजस्थान स्टेट अलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल द्वारा मान्यताएं प्राप्त हैं।

**कोलैबोरेशन एंड एमओयूः**

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में पढ़ रहे विधार्थियों को ना केवल विश्वविद्यालय डिग्री देता हैं, बल्कि उन्हें देश -विदेश में विख्यात कॉलेज और कंपनियों से पढने और नौकरी करने लायक अनुभव भी देता हैं। विश्वविद्यालय के आईडीपी इंडिया, एचएसई यूनिवर्सिटी रशिया, कैम्ब्रीज असेसमेंट सेन्टर, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एशियन रोड सेफ्टी एकेडमी, सेन्ट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी, जयपुर जैसे संस्थानों के साथ एमओयू हैं।

**अवार्ड एवं अचीवमेंटः**

विधार्थियों ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिनमें विजय बन कई पदक हासिल करें, जो निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के लिए गर्व की बात हैं।

**काउंसिल कोर्सः**

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर, नर्सिंग, डेंटल, पैरामेडिकल, फॉर्मेसी, लॉ, एग्रीकल्चर जैसे पेशेवर कोर्स आपके लिए उपलब्ध कराता हैं, जिनकी डिमांड ना केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में हैं।

**यूनिवर्सिटी की विशेषताएंः**

- विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों के स्थानीय लोगों, महिलाओं, दिव्यांगों और समाज के कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए विशेष प्रावधान हैं।
- विश्वविद्यालय शिक्षण और अनुसंधान के उच्च मानकों को बनाए रखता है।
- छात्र निर्वाण विश्वविद्यालय कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनयूसीईटी)/सीयूईटी, जेईटी, एनआरईटी के माध्यम से विश्वविद्यालय में दाखिला ले सकते हैं।
- विश्वविद्यालय विभिन्न श्रेणियों के तहत छात्रवृत्ति प्रदान करता है।
- निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में विभिन्न क्षेत्रों से सम्बंधित शोधार्थी रिसर्च कर रहे हैं, विश्वविद्यालय का उद्धेश्य शिक्षा को रोजगारपरक बनाने तथा सार्थक अनुसंधान व नवाचार को बढावा देने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करना हैं।
- शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने, उन्हें सशक्त बनाने एंव राष्ट्र को सम्यक व संतुलित विकास हेतु छात्राओं को फीस में छूट दी जाती हैं। जिसके माध्यम से भारतीय सरकार द्वारा चलाए गए अभियान 'बेटी बचाओ, बेटी पढाओं' मुहिम में शामिल हो कर उसे सफल बनाना हैं।
- विश्वविद्यालय परिसर मे छात्र-छात्राओं और स्टाफ के लिए क्वाटर्स और रूम उपलब्ध हैं।
- निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में राजस्थान की पहली हेल्थकेयर सिमुलेशन लैब स्थापित की जा रही हैं।
- छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्वविद्यालय में एक्सपर्ट्स की देखरेख में स्पोर्ट्स एक्विटिज़ एवं योग करवाया जाता है। विश्वविद्यालय के छात्र आज स्पोर्ट्स में नेशनल लेवल पर अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं।
- विश्वविद्यालय के जॉब ओरिएंटेड कोर्सेस एवं उत्कृष्ट फेकल्टीज़-मैनेजमेंट स्टूडेंट्स के उज्ज्वल भविष्य बनाने में अपना शत प्रतिशत योगदान दे रही है।


**NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR**

MAIN CAMPUS : Near Bassi-Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur-303305

City Office : 21, Sahkar Marg, Near 22 Godam Circle, Jaipur-302019



मोबाइल: +91141- 2228000 I वेबसाइट: www.nirwanuniversity.ac.in I ईमेल: info@nirwanuniversity.ac.in


### टेस्टिमोनियल्स

निर्वाण विश्वविद्यालय का बुनियादी ढांचा, संकाय, मूट कोर्ट और पाठ्येतर गतिविधियाँ मुझे अपना पेशेवर नेटवर्क बनाने और ज्ञान प्राप्त करने में सहायक रहा हैं।

**एडवोकेट अनमोल कुमार पांडे (दिल्ली उच्च न्यायालय)**

निर्वाण विश्वविद्यालय का विविध और समावेशी वातावरण व्यक्तिगत विकास और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देता है। मूट कोर्ट और ट्रायल एडवोकेसी कार्यक्रम मानक अनुभव थे, जिससे मुकदमेबाजी कौशल में निखार आया और करियर सेवा दल ने मेरे करियर में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**एडवोकेट ज्योति यादव (दिल्ली उच्च न्यायालय)**

निर्वाण विश्वविद्यालय में एलएलबी का पाठ्यक्रम समकालीन और अद्यतन है। यह व्यावहारिक और सैद्धांतिक पहलुओं का एक आदर्श मिश्रण है

**ऋतुराज, एलएलएम (2023-24)**

निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर में मेरी पीएचडी की यात्रा समृद्ध और परिवर्तनकारी रही। फैकल्टी का सहयोग और प्रदान किए गए शोध अवसर बहुत ही शानदार थे। अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता ने मुझे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया है। मुझे ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान का पूर्व छात्र होने पर गर्व है।

**डॉ. रेशू गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज**

राजस्थान पत्रिका 29.09.2024

पत्रिका

# फार्मेसी क्षेत्र के नवीनतम शोध की स्टूडेंट्स को दी जानकारी



**जयपुर @ पत्रिका प्लस.** निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में विश्व फार्मेसी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद चेयरमैन डॉ. एस.एल. सिहाग ने छात्रों को फार्मेसी के क्षेत्र में संभावनाओं और अवसरों के बारे में जानकारी दी। वाइस चेयरमैन डॉ. आर.के. अरोड़ा ने छात्रों को फार्मेसी के क्षेत्र में जाने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. एस.एल. गोदारा ने फार्मेसी के क्षेत्र में नवीनतम शोध, अनुसंधान और प्रगति के बारे में बताया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का प्रदर्शन किया।

29/09/2024 | Jaipur City | Page : 31
Source : https://epaper.patrika.com/